Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अ. ?/52

२.२

# राग-बोध
## प्रथम व द्वितीय भाग

आम्नाय-ग्रन्थालय,
[illegible], [illegible]
वाराणसी-५

न्थालय
वाराणसी-५
-/52

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

K. L. Gangad
12.5.73.

# राग-बोध

## (द्वितीय भाग)

अ: 2/52
अभिलाष-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

लेखक

**प्रा. बा. र. देवधर**

देवधर स्कूल ऑफ इण्डियन म्युजिक
पं. वि. दि. पलुसकर चौक, बम्बई-४

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प्रकाशक :

श्री शाम दामोदर गोगटे
मोदी चेंबर्स, फ्रेंच ब्रिज
बंम्बई–४

आम्नाय–ग्रन्थालय
वाराणसी-5

मुद्रक :
गजानन प्रिंटिंग प्रेस,
ब्राम्हणपुरी
मिरज (महाराष्ट्र)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अभिनय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, ...
...

# राग-कोष

## द्वितीय भाग

लेखक
प्रो. बा. र. देवधर
देवधर स्कूल ऑफ इण्डियन म्युजिक
पं. वि. दि. पलुस्कर चौक, बम्बई-४

★

पुनर्मुद्रण
फाल्गुन पूर्णिमा सन् १९७१ ई.

★

पुस्तक मिलने का पता:
संगीत कार्यालय
हाथरस

मूल्य रु० २-७५

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# प्रस्तावना

'राग बोध' पुस्तक माला के दूसरे भाग का यह पुनर्मुद्रण आज प्रकाशित हो रहा है। इसका उद्देश्य, व्यवहार के ४०-५० प्रसिद्ध रागों की बाकायदा शिक्षा देने का ही रहा है। इसमें गांधर्व महाविद्यालय मंडल के बनाए हुए, दूसरे वर्ष के सभी पाठ्य विषयों का समावेश किया गया है। हरएक राग की तीन प्रसिद्ध चीजों के साथ ही, एक चीज के साथ २०--२५ आलाप-तानें नमूने के तौर पर दी है। इस पुस्तक के लिए, जहां तक हो सका पुरानी खानदानी चीजों को चुना है।

अलबत्ता इन चीजों में ऐसी ही चीजों का ज्यादह होना मुनासिब हैं जो मैंने अपने परमपूज्य गुरुजी स्व० विष्णू दिगंबरजी से सीखी है। गां० म० वि० मंडल के पाठ्यक्रम के अनुसार जरूरी लक्षण गीत भी लिये हैं, जो स्व० पं० नारायण मोरेश्वर खरेजी के बनाये हुए हैं, और जिनके बारे में प्रयाग के गां० म० वि० मंडल प्रकाशन संस्था के मंत्री श्री. वसंत वामन ठकार एम० ए० ने उदारता से संमति दी। इसके लिए मैं उक्त संस्था का कृतज्ञ हूँ।

— बा. र. देवधर

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# अनुक्रम


| विषय | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| शास्त्र प्रवेश और स्वर बोध | ... | ५–३२ |
| राग यमन | ... | ३३–४२ |
| (१) स्वर मालिका–तीन ताल | ... | ३४ |
| (२) अरि एरि आलि पियाबीन–तीन ताल | .. | ३५ |
| (३) धृपद–पारब्रह्म परमेश्वर–चौताल | ... | ३६ |
| (४) तोरी रे बाँसरिया–तीन ताल | ... | ३७ |
| (५) तोरी रे वाँसरिया-गीत के तान आलाप | ... | ३९–४२ |
| राग हमीर | ... | ४३-५२ |
| (१) धृपद-चौताल–चंचल चपलाकी गत तैसो | ... | ४४ |
| (२) धीट लंगरवा कैसे घर जाऊं–तीन ताल | ... | ४६ |
| (३) करम कर तार करो–झपताल | ... | ४७ |
| (४) धीट लंगरवा इस गीत के आलाप तान | ... | ४९–५२ |
| राग बिहाग | ... | ५३–६४ |
| (१) लक्षण गीत-तीनताल-गावत राग बिहाग | ... | ५४ |
| (२) वालम रे मोरे मनके–तीन ताल | ... | ५६ |
| (३) देखो सखि कन्हैया-तीन ताल | ... | ५७ |
| (४) सखि आज नन्द –झपताल | ... | ५८ |
| (५) देखो सखि इस गीत के आलाप तान | ... | ६०–६४ |
| राग तिलक कामोद | ... | ६५–७५ |
| (१) स्वर मालिका | ... | ६६ |
| (२) नीर भरन कैसे जाऊं–तीन ताल | ... | ६६ |
| (३) दरसन कैसे पाऊं–एकताल–मध्यलय | ... | ६८ |
| (४) तीरथ को सब करे–झपताल | ... | ७० |
| (५) नीर भरन कैसे जाऊं इस गीतके आलापतान | ... | ७२–७५ |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



| | | |
|---|---|---|
| राग भैरवी | ... | ७६–८७ |
| (१) जयति जय रागिनी-लक्षणगीत-झपताल | ... | ७७ |
| (२) शाम सुन्दर मदन मोहन–ताल दादरा | ... | ७९ |
| (३) सुन्दर स्वरूप जाको–एकताल-मध्यलय | ... | ८० |
| (४) देखोरी ना माने–तीन ताल | .. | ८२ |
| (५) देखोरी ना माने इस गीतके आलाप तान | ... | ८३-८७ |
| राग आसावरी | ... | ८८-१०० |
| (१) कहत गुनिराग आसावरी-लक्षणगीत-तीनताल | ... | ८९ |
| (२) सुमिर हो नाम को–झपताल | ... | ९१ |
| (३) खेलत रघुराज आज एकताल | ... | ९३ |
| (४) कौन यतन बिनती तीनताल | ... | ९५ |
| (५) कौन यतन बिनती इस गीत के आलापतान | ... | ९७–१०० |
| राग भैरव | ... | १०१–१०९ |
| (१) आज नन्दलाल सखि–झपताल | ... | १०१ |
| (२) जागो ब्रिजराज कुँवर-एकताल-मध्यलय | ... | १०३ |
| (३) प्रभु दातारे–तीनताल | ... | १०५ |
| (४) जागो ब्रिजराजकुँवर-इस गीतके आलापतान | ... | १०६–१०९ |
| राग पटदीप | ... | ११०-१२१ |
| (१) सारीगम-तीनताल | ... | १११ |
| (२ कवन सुख पाये–झपताल | ... | ११२ |
| (३) मैं तोरे सग ना जाऊं–तीनताल | ... | ११३ |
| (४) तानों तनन्–तराना एकताल-मध्यलय | ... | ११५ |
| (५) कवन सुख पाये-इस गीतपर आलापतान | ... | ११७–१२१ |
| राग भैरवी—मत कर मोह–ताल रूपक | ... | १२२ |
| राग भैरव—ध्यान धरी बैठी–ताल धमार | ... | १२२ |
| राग भूपाली—बाजत मृदंग सरस–धमार - | ... | १२४ |
| प्रार्थना-जय जगदीश हरे | ... | १२६–१३१ |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# स्वर--लेखन पद्धति

शुद्ध स्वर के लिये कोई निशान नहीं, ... ... सा, ग, म

कोमल स्वर, स्वर के नीचे–ऐसी पाई देकर दिखाया है ग, ध, नी

तीव्र स्वर के लिए खडी रेखा दी गई है, ... ... मं

मंद्र सप्तक के स्वर के नीचे ऐसा बिंदु है ... .... म़, प़ ऩी,

मध्य सप्तक के स्वर के लिये कोई निशान नहीं है, ... ग, म, प

तार सप्तक के ऊपर, ऐसा बिन्दु है, ... सां, रें, गं

चन्द्र ‿ के अन्दर आनेवाले सभी स्वर एक मात्रा में गाने चाहिये, .... सारे सारेगम

जिस स्वर से जिस स्वर तक मींड़ होगी, वे दोनों स्वर चन्द्र से दिखाये जाते हैं, .... मरे

जिस स्वर के आगे ऐसे–रेखा होगी, उसके पीछे का स्वर एक मात्रा बढाना चाहिये, ... सा–

गीत के जिस शब्द के आगे ऽ अवग्रह हो उस शब्द का अन्तिम स्वर (अकार, आकार इ.) बढाना चाहिये, .. ऽ

स्वर के अगलबगल ऐसा ( ) चन्द्र होने पर, उसके आगे का स्वर, वह स्वर और उसके पीछे का स्वर और पुनः वह एक मात्रा में बोलना चाहिये, जैसे— प) = धपमप

स्वर पर के बारीक स्वरों को, अलंकारिक स्वर (Grace note) कहते हैं उस स्वर से खास स्वर पर जाना चाहिए, जैसे ... ग प, रे म

सम × इस निशान से दिखाया है, ... ... .... ×

और खाली अथवा काल ० इस निशान से दिखाया गया है .. ०

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# प्रवेशिका द्वितीय वर्ष

## ( Matric Mus. )

### गायन—क्रियात्मक

(स) स्वर—ज्ञान :— विकृत स्वरों का समुचित ज्ञान। तीन स्वरों का समूह, जिसमें एक विकृत हो, तथा—चार शुद्ध स्वरों के समूह को गाना तथा पहचानना।

(रे) प्रथम वर्ष के अतिरिक्त अन्य दस कठिन अलंकारों को विलंबित, मध्य तथा द्रुत लयों में सरगम तथा आकार के साथ गाना, सीखे हुए रागों में शुद्ध स्वरों के अलंकारों को परिणत करके गाना तथा सरल और सीधे नये अलंकारों का बनाना।

(ग) इस परीक्षा के लिये आठ राग रखे गये हैं। (१) यमन (२) हमीर (३) बिहाग (४) तिलककामोद (५) भैरवी (६) आसावरी (७) भैरव (८) पटदीप।

इन रागों की पढाई का स्तर निम्नलिखित अनुसार रहेगा—

(अ) आरोह, अवरोह, पकड का ज्ञान।

(ब) हर एक में एक—एक छोटे ख्याल को गाते समय पहले प्रारंभिक आलाप, पश्चात चार तालबद्ध आलाप, स्थायी में चार तथा अंतरे में चार ताने लेने की क्षमता।

(क) उपरोक्त रागों में से किन्हीं दो रागों में दो ध्रुपद।

(ड) उपरोक्त रागों में से किसी एक में एक तथा प्रथम वर्ष में जिस राग में ध्रुपद न किया हो ऐसे एक, इस प्रकार के दो धमार।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



(ई) एक तराना, एक रूपक, तथा उपरोक्त रागों में से किन्हीं चार रागों के लक्षणगीत अथवा सरगम ।

इस तरह इस वर्ष १८ गीत होंगे ।

(म) मंडल की परम्परा का गीत "जय जगदीश हरे" का गायन।

(प) साधारण आलाप के द्वारा राग पहचानना ।

(ध) तानपूरे का साधारण ज्ञान ।

(नी) प्रथम वर्ष के रागों का अधिक स्पष्ट ज्ञान ।

(सं) तबले का ठेका सुन कर गाने में 'सम' पकड़ना तथा छपद में सीधी दुगुन करना ।

(रें) लय-ज्ञान :- दुगुन और चौगुन के सिद्धांतों को समझकर हाथ से ताल देकर स्वरों अथवा अंकों की सहायता से दुगुन चौगुन कर के दिखाना ।

(ग) ताल-ज्ञान :- एक ताल ( विलंबित ) चार ताल, (चौताल) धमार, रूपक के ठेके मुंह से बराबर और दुगुन में बोलना ।

---

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# प्रवेशिका द्वितीय वर्ष

## गायन–शास्त्र

निम्नलिखित विषयों का साधारण ज्ञान।

(स) भारत की दो मुख्य पद्धतियां। उत्तर भारतीय एवं दक्षिण भारतीय। नाद की तीन विशेषताएं। छोटा बड़ा, ऊंचा-नीचा जाति अथवा गुण, वर्ण-स्थायी, आरोही, अवरोही, संचारी। तानपूरे और तबले का परिचयात्मक विवरण, गीत के अवयव–स्थायी, अंतरा, संचारी, आभोग। पं. विष्णु दिगम्बर तथा पं. भातखंडे के स्वरलिपि चिन्हों का परिचय।

(रे) निम्नलिखित शब्दों की परिभाषा। बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल ध्रुपद, धमार, टप्पा, ठुमरी, भजन, गजल, श्रुति, जनकमेल, जन्य राग ग्रह, अंश, न्यास, वक्र स्वर, सप्तक का पूर्वांग, उत्तरांग, पूर्व राग, उत्तर राग, संकीर्ण राग' मींड, कण अथवा स्पर्श स्वर, थाह ( ठाय )।

(ग) प्रथम और द्वितीय वर्ष के रागों का पूर्ण विवरण अर्थात् उनका मेल, स्वर, आरोह, अवरोह, जाति, पकड़, वादी, संवादी, वर्जित स्वर, समय आदि लिखने का अभ्यास।

(म) दोनों वर्षों के ठेकों की मात्रा, खाली, सम, विभाग आदि दिखाते हुए ठाय दुगुन और चौगुन लय में लिखना।

(प) साधारण आलाप और तानों सहित गीत स्वर-लिपि में लिखना।

(ध) लिखित स्वर समूहों द्वारा राग पहचानना।

(नी) मिलते–जुलते रागों में समता, विभिन्नता बताना।

(सा) विभिन्न रागों में कठिन अलंकार बनाना।

(रे) स्व. पं. विष्णु दिगम्बर की संक्षिप्त जीवनी।

सूचना : प्रथम वर्ष की बातें भी पूछी जा सकती हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# राग-बोध

## दूसरा भाग

## शास्त्र प्रवेश और स्वर बोध

### भारतीय संगीत की दो पद्धतियां

| दक्षिण पद्धति अथवा कर्णाटिक पद्धति | उत्तरी विभाग अथवा हिन्दुस्तानी पद्धति |
|---|---|

भारत में वर्तमान समय में दो प्रकार की पद्धतियां प्रचार में हैं जिन्हें "दक्षिणी पद्धति" अथवा कर्णाटिक पद्धति" और दूसरे को "उत्तरी पद्धति" अथवा "हिन्दुस्तानी पद्धति" कहते हैं।

दक्षिणी संगीत पद्धति :—यह पद्धति दक्षिण भारत के कर्णाटिक प्रदेश मद्रास, म्हैसूर एवं तेलंगाना आदि प्रांतों में प्रचलित है।

उत्तरी हिन्दुस्तानी पद्धति :—यह संगीत की पद्धति उत्तरी हिन्दुस्तान में वम्वई, गुजरात, सौराष्ट्र, पंजाव, राजस्थान, मध्यभारत, बंगाल, विहार आदि प्रांतों में प्रचलित है।

वास्तव में इन दोनों पद्धतियों की नींव तो एक ही है केवल इन के प्रस्तुत करने का ढंग कुछ भिन्न है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



# नाद

ध्वनि को नाद कहते हैं, नाद और ध्वनि या नाद किसी एक चीज के कंपन से उत्पन्न होता है अथवा कंपन के कारण उत्पन्न होता है।

रेलवे सीटी, मोटर का हार्न इत्यादि दुनियां में उत्पन्न होने वाली सभी ध्वनि नाद के ही रूप है। किन्तु जो नाद संगीतोपयोगी होता है उसे स्वर कहते हैं।

जो नाद कर्णप्रिय हो तथा स्थिर एवं नियमित कंपन युक्त होती है उसे स्वर कहते हैं, जिस नाद में अस्थिरता और अनियमितता होती है उसे कोलाहल अथवा शोरगुल कहते हैं।

## नाद के तीन विशिष्ट गुण :-

(क) स्वर-कम्पन की संख्या ज्यों-ज्यों बढ़ती जाती है त्यों-त्यों स्वर ऊंचा चढ़ता जाता है। और स्वर-कम्पन की संख्या ज्यों–ज्यों घटती है त्यों–त्यों स्वर निम्नतर होता जाता है। स्वर की इस क्रिया को ऊंचाई नीचाई या 'तारता' कहते हैं।

ख) एक ही स्वर–कम्पन को कम या अधिक ताकत से कहने से आवाज छोटी और बडी होती है जिसे तीव्रता कहते हैं।

(ग) जाति अथवा गुण, यही स्वर की आवश्यक पहचान या विशेषता है।

प्रत्येक व्यक्ति की आवाज निराली होती है। एक व्यक्ति की आवाज दूसरे से कभी नही मिलती। इसी तरह प्रत्येक वाद्ययंत्र की आवज भी अलग-अलग है। जैसे–दो सितार की आवाज एक सरखी नहीं होती।

यह जो प्रत्येक वस्तु की व्यक्तिगत या खासियत है उसे ही जाति या गुण ( Timber ) कहते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## वर्ण

स्वरों के प्रयोग की विभिन्न क्रियाओं को वर्ण कहते है।

वर्ण के चार भेद हैं :—

(क) स्थाई :—एक ही स्वर को बार-बार गाने की क्रिया को स्थाई कहते हैं।

(ख) आरोही : – क्रम-क्रम से एक के बाद एक स्वर को ऊपर चढने की क्रिया को आरोह कहते हैं।

(ग) अवरोही :— क्रम-क्रम से एक के बाद एक स्वर को नींचे उतारने की क्रिया को अवरोही कहते हैं।

(घ) संचारी : – ऊपर की तीनों क्रियाओं को मिलाकर गाने की क्रिया को संचारी कहते हैं।

## तानपूरा

भारतीय संगीत गाने के समय तानपूरा नामक वाद्ययन्त्र (तारयन्त्र) का उपयोग किया जाता है। यह अत्यधिक पुरातन वाद्ययन्त्र है।

आवाज गूंजने के लिये इसके नीचे के सिरे में एक बडा–सा तुम्बा या लौकी लगी रहती है, जो खोखली होती है। लौकी के प्रत्यक्ष पृष्ठ को काटकर उसे गोलाकृति की लकडी के 'तवली' द्वारा मढ दिया जाता है। फिर इसके ऊपरी सिरे की ओर लकडी का एक खोखला डंडा लगाया जाता है। इस डंडे के ऊपरी सिरे पर चार खूटियां होती हैं जिनमें से दो ऊपर की ओर प्रत्यक्ष पृष्ठ पर, और एक दाएं तथा एक बाएं पार्श्वों में रहती है। इसके बाद दो 'अटी' अथवा 'अटक' रहते हैं। प्रथम अटक के छिद्रों द्वारा तार गुजरते हैं, और दूसरे अटक के ऊपर से होते हुए डंडे के ऊपर से जाकर 'तवली' के मध्य भाग में स्थित घोडी पर होते हुए

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



मणियों में समाकर तारदान तक पहुंचते हैं और इसकी जड अन्तिम छोर द्वारा लौकी में जड दी जाती है।

अटक हाथी दाँत या हिरन के सींग के बने होते हैं। घोडी हाथी दाँत, लकडी अथवा हिरन के सींग की बनी होती है। तारदान, हाथी दाँत या सींग का बना होता है।

तानपूरे में चार तार होते हैं जो तारदानी की जड़ से आरंभ होकर ऊपर का चार खूटियों तक जाते हैं और उन्हीं खूंटियों में बंधे होते हैं।

तानपूरे का पहला तार पीतल या फौलाद का होता है। यह मंद्र पंचम में मिलाया जाता है। जिन रागों में पंचम वर्ज्य माना जाता है, उनमें यह तार मंद्र मध्यम में मिलाया जाता है। आजकल इसे मंद्र निषाद में भी मिलाने की प्रथा चल पडी है। बाद के दो तार फौलाद के होते हैं जो इससे पतले होते हैं। वे मध्य षड्ज में मिलाए जाते हैं। आखिर का तार पीतल का होता है जिसे मंद्र षड्ज में मिलाया जाता है।

## तबला

यह वाद्य 'अवनद्ध' जाति का तालवाद्य है 'अवनद्ध' के माने चमडे तान कर बनाया हुआ वाद्ययंत्र। प्राचीन काल में तालवाद्य के रूप में मृदंग या पखावज का उपयोग किया जाता था। बाद में इसके दो भाग कर, 'तबला' नामक नये तालवाद्य का आविष्कार किया गया। इसे बजाने की प्रथा प्राचीन काल से ही है।

दाएं हाथ का भाग तबला के नाम से पुकारा जाता है, जिससे स्वर भरने की पूर्ण क्रिया होती है। दाएं हाथ का भाग बायां या डुग्गी कहलाता है, जिससे मंद्र स्थान के स्वर भरे जाते हैं। ये दोनों भाग मिल कर एक नाम 'तबला' प्रख्यात है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



तबला लकडी की ऊखल के आकार का होता है। इसके अन्दर का भाग खोखला होता है। इसके लिए खैर, सागौन और सीसम की लकडियाँ काम में आती हैं। इसको चमडे द्वारा छाया जाता है। यह चमडा इसके ऊपरी सिरे पर मढा जाता है। यह चमडे वाला गोलाकार भाग 'पुडी' कहलाता है। पुडी के मध्य भाग पर गोलाकृति काली स्याही लगायी जाती है जो ( काली स्याही ) लौहचूर्ण एवं अन्य कई पदार्थों को मिल कर बनायी जाती है। स्याही की एक पर्त्त देने के बाद उसे एक विशिष्ट पत्थर से घिसा जाता है। फिर दूसरा पर्त्त दिया जाता है। इस तरह स्याही की प्रत्येक पर्त्त को घिसा जाता है। यह क्रिया स्याही की समाप्ति तक चलती रहती है।

स्याही स्थल के बाद डेढ़-दो अंगुल का चमडे वाला भाग खाली (खुला) रहता है। इसके आगे फिर डेढ़ अंगुल की एक पट्टी होती है, जिसे 'चाट' कहते हैं।

यह गोलाकार चमडा लकडी के पात्र के ऊपरी सिरे पर अवस्थित है। साथ ही बारीक चमडे के धागों द्वारा गुंथा हुआ गजरे से अवलम्बित है। तबले के पेंदे में धातु या चमडों का एक कडा रहता है। इस कडे गजरे को चमडे की चपटी डोरी द्वारा कसा जाता है, जो फिर-फिर और कर गजरे की सोलह छिद्रों में होकर गुजरती है। डोरी की अन्तिम छोर को कडे के पास गांठ दे दी जाती है। इन बंधनों (धागों) के बीच तबले के मध्य भाग में लकडी की छोटी-छोटी गांठ रहती है। इन गांठों को ऊपर-नीचे ठोकने में स्वर चढ़ता और उतरता है। गजरे को भी हथौडे से ठोक कर स्वर चढ़ाया और उतारा जाता है।

## बायां, डग्गा अथवा डुग्गी

तबले का यह हिस्सा बाएं हाथ से बजाया जाता है। इसकी कुंडी मिट्टी अथवा धातु की बनी होती है। पंजाब और उत्तर प्रदेश में मिट्टी की कुंडी का ही अधिक प्रचार है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



डुग्गी के मुंह पर तबले ही की तरह चमडे की 'पुडी' होती है और जरा बगल में गोलाकृति काली स्याही लगी होती है, पर वह तबले की तरह ठीक बीचोंबीच नही होती। डुग्गी की 'पुडी' के लिए भी तबले ही की तरह चमडे का गजरा होता है और वह सोलह छिद्रों में से गुजरती हुई चमडे की पट्टी अथवा डोरी से नीचे पेंदी से बंधा हुआ होता है। पंजाब में पुडी पर काली स्याही लगाने की प्रथा नहीं है बल्कि उसकी जगह पर आटा लगाने की प्रथा है। आटे को पानी डाल कर अच्छी तरह गूंदते हैं और फिर उसे काली स्याही की जगह चिपकाते हैं और जब बजाने का काम समाप्त हो जाता है तो निकाल फेंकते हैं।

डुग्गी को किसी खास स्वर में नहीं मिलाया जाता बल्कि वह मंद्र सप्तक में ही रहती है। मंद्र सप्तक में रहने के कारण तबला-वादन के समय आवाज में गंभीरता उत्पन्न होती हैं। तबले की तरह डुग्गी में लकडी की गांठें नहीं लगी रहती।

## गीत के अवयव

प्राचीन काल में गीत के चार अवयव थे, पर आज कल यह सिर्फ ध्रुपद गीतों में ही देखे जाते हैं। ख्याल गीत में सिर्फ स्थायी और अंतरा ये दो ही भाग अथवा अवयव होते हैं।

इन चार अवयवों के नाम स्थायी, अंतरा, संचारी और आभोग है।

स्थाई :- गीत के पहले हिस्से को स्थायी कहा जाता है। स्थायी मुख्यतः मंद्र और मध्य सप्तक मे ही गायी जाती है। कभी-कभी तो स्थायी तार षड्ज पर्यंत तक पहुंची देखी जाती है, पर यह क्रिया उत्त-रांग प्रधान राग में ही होती है।

अंतरा :- स्थायी के बाद अंतरा गाया जाता है। अंतरा मध्य सप्तक से आरम्भ होकर तार षड्ज तक जाता है। अंतरा का विस्तार मध्य

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



और तार सप्तक में ही अधिक होता है। कुछ लोग स्थायी को, 'सवाल' और अंतरा को 'जवाब' मानते हैं।

संचारी : गीत का तीसरा अवयव संचारी है। संचारी मध्य सप्तक के मध्य भाग से शुरू होती है, पर उसका विस्तार मध्य और मंद्र सप्तक में विशेष रूप से होता है,पर वह गमकयुक्त होने के कारण संचारी अंतरा की अपेक्षा एक निराली चीज हैं, ऐसा देखने में आता हैं।

आभोग :- गीत का चौथा भाग आभोग है। आभोग भी अंतरा की तरह ही होता है। इसमें पहले तीन अंगों का सार होता है और इसका विस्तार मध्य और तार सप्तक में विशेष रूप से होता है।

## पंडित विष्णु दिगंबर जी की लेखन-पद्धति

स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगंबर जी ने अपनी इस पद्धति का प्रयोग सन् १९०१ ई० के पूर्व ही किया था और इस पद्धति का उपयोग कर अनेक संगीत की पुस्तकें छपवा कर प्रसिद्ध किया था।

इस पद्धति के अनुसार प्रत्येक विभाग के स्वतंत्र चिन्ह है।

| मात्रा | चिन्ह | चिन्ह का नाम | लिखने की रीति |
|---|---|---|---|
| ४ ... | X .. | चतस्र .... | सा<br>X |
| २ ... | ऽ ... | गुरु ... | सा<br>ऽ |
| १ ... | — ... | लघु ... | सा<br>— |
| १/२ ... | ० ... | द्रुत .... | सा रे<br>० ० |
| १/४ ... | ‿ ... | अणु द्रुत .. | सा रे ग म<br>‿ ‿ ‿ ‿ |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



| | | | |
|---|---|---|---|
| १/८ | ‿ ‿ | अणु-अणु द्रुत | सा रे ग म<br>‿ ‿ ‿ ‿<br>‿ ‿ ‿ ‿ |
| १/१६ | ‿ ‿ ‿ | अणु-अणु-अणु द्रुत | स रे ग म<br>‿ ‿ ‿ ‿<br>‿ ‿ ‿ ‿<br>‿ ‿ ‿ ‿ |

तार स्वर :—स्वर के ऊपर खडी रेखा डाल कर दिखाया जाता है :—
सां रें गं

मध्य सप्तक :—इसका कोई खास चिन्ह नहीं है :—सा रे ग।

मंद्र सप्तक :—स्वर के ऊपर बिंदु डालकर दिखाया जाता है :—सां रें गं।

ऊपर लिखे हुए के अनुसार प्रत्येक स्वर के नीचे मात्रा का चिन्ह लिखा जाता है। एकाध स्वरों की मात्रा यदि अधिक बढानी हो तो उस स्वर के आगे अवग्रह लिखकर उस अवग्रह के नीचे बढाने वाली मात्रा का चिन्ह लिखना चाहिये अर्थात् वह स्वर अवग्रह के नीचे ऐसा बिस्तृत करना चाहिए। जैसे—सा ऽ इसमें 'सा' की मात्रा २ व अवग्रह के नीचे की एक मात्रा मिलाकर यह 'सा' तीन मात्रा में गाना चाहिये।

ताल में खाली स्थान '+' इस चिन्ह द्वारा दिखलाया जाता है। बाकी सभी ताल के लिए भिन्न-भिन्न मात्रा लिख कर बतलाया जाता है। जैसे :- झपताल मे १० मात्रा होती है, ताली १-३-८ पर दी जाती है और खाली छः मात्रा पर।

धी ना धी धी ना ती ना धी धी ना
१ ३ + ८

पहली मात्रा की ताली के लिए १ अंक, तीसरी मात्रा की ताली के लिए ३ अंक, खाली मात्रा के लिए '+' यह चिन्ह और आठवीं मात्रा की ताली के लिए ८ अंक दिखाया गया है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



( नोट :– परीक्षा के प्रश्नपत्रों में पं. विष्णु दिगम्बरजी की लेखन–पद्धति का उपयोग किया जाता है। इसीलिए शिक्षकोंको चाहिए कि वह उपर्युक्त पद्धति विद्यार्थियों को अच्छी तरह सिखावें।

'राग-बोध' पुस्तक पं. विष्णु नारायण भातखंडे की लेखन पद्धति मे लिखी गयी है। इसलिए उस लेखन पद्धति की जानकारी यहां नहीं दी गयी है। )

## ख्याल

'ख्याल' यह शब्द फारसी भाषा का है जिसका अर्थ होता है 'विचार' अथवा 'कल्पना'। प्राचीन काल में ध्रुपद की गायकी ही अधिक लोक–प्रिय थी और वह बहुत उच्च अवस्था में पहुंची हुई थी। लगभग डेढ़ सौ, दो सौ वर्ष पहले गायकों के सभी खान्दानी घरानों में ध्रुपद की गायकी ही रूढ़ थी। जौनपुर के सुल्तान हुसेन शरकी (पन्द्रहवीं सदी) ने ख्याल की गायकी का आरंभ किया था, ऐसा समझा जाता है। मुगल बादशाह मुहम्मद शाह (१७१९ ई. से १७४०) के दरबार में सदारंग और अदारंग नामक दो गुणी गायक थे जिन्होंने हजारों ख्याल बनाये जिन में से कितने ही ख्याल आजकल प्रचलित हैं। सदारंग तो इनका उपनाम या तखल्लुस था। और इनका असली नाम न्यामत खां था। ख्याल की गायकी का जोरदार प्रचार इन्हीं सदारंग के शिष्यों ने किया और दोसो वर्षों की अवधि में ही ख्याल गायकी का बड़ा मान बढ़ गया। आजकल तो सभी जगह ख्याल की गायकी ही गायी जाती है। दिल्ली के सुप्रसिद्ध तानरस खां, ग्वालियर के बडे मुहम्मद खां, हद्दू खां, और हासू खां ये सभी ख्याल के गायक थे। धीमात्रिताल, तिलवाड़ा, एकताल, झुमरा और आड़ाचौताल इन तालों में बडे ख्याल गाये जाते हैं।

ख्याल में बड़ा और छोटा ये दो प्रकार के ख्याल होते हैं। बड़ा ख्याल अत्यंत धीमी लय में गाया जाता है और छोटा ख्याल जल्द रीति

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



से गाया जाता है। ऐसा समझा जाता है, कि चौदहवीं सदी में हजरत अमीर खुसरो ने कौवाली के आधार पर छोटे ख्याल की रचना की। छोटे ख्याल में बोलतान और तैयारी की तान अधिक ली जाती है। छोटे ख्याल जल्द तीनताल, द्रुत एकताल और झपताल में गाये जाते हैं।

## धृपद

धृपद, भारत में एक वीररस प्रधान गीत का प्रकार माना गया है। धृपद का प्रचार कहाँ से हुआ यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता, पर ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने इसे बहुत लोकप्रिय बनाया और इसके बाद ही संपूर्ण देश में इसका प्रसार हुआ। बादशाह अकबर के समय में धृपद गीत का प्रकार अत्यंत उच्च शिखर पर पहुंचा हुआ था। अकबर के दरबार में तानसेन आदि सभी प्रसिद्ध गायक-वादक धृपदिये ही थे।

धृपद-गीत का काव्य उच्च प्रकार का होता है। पहले के धृपद में चार भाग या तुक होते थे जिसे स्थाई, अंतरा, संचारी और आभोग कहा जाता था। आगे चलकर धृपद-गीत में सिर्फ दो ही भाग या तुक रह गये जिनमें स्थाई और अंतरा इतने ही प्रचार में आये। धृपद में ताल का अधिक महत्त्व होता है और गायकी में महत्त्व रहता है आलाप और बोलतान का। धृपद में तान तो नहीं लिया जाता पर गमकयुक्त रहता है। धृपद-गीत में ईश्वर भक्ति, परमेश्वर की लीला और महायोद्धाओं के पराक्रम आदि वर्णन के विषय रहते हैं। श्रृंगाररस के गीत धृपद में बहुत ही कम मिलते है। धृपद–गायकों का भी नाम पहले कलावंत ही था और उनकी चार मुख्य बानियाँ अथवा घराने थे जिसके नाम क्रमशः खंडारबानी, नोहार बानी, डागुरबानी और गोबरहारबानी थे।

जो राग गाना हो उसके सभी आलाप 'नोम तोम' कर गायक प्रथम गाता था और उसमें राग के सभी अंगों का आविष्कार करता था। इस

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



नोम तोम' के साथ ताल का ठेका नहीं बजाया जाता था। आलाप समाप्त होने पर उस राग में एक तालबद्ध गीत गाया जाता था और उसमें दुगुन, आड़ कुवाड़ आदि लय के प्रकार कर उसे समाप्त किया जाता था। बादशाह मुहम्मदशाह (१७१९ से १७४०) के समय सदारंग और अदारंग नामक गायकों ने ख्याल की रचना की और उनके शिष्यों ने ख्याल का प्रचार कर आगे पचास वर्षों में ख्याल की गायकी को सर्वत्र लोकप्रिय बनाया। इसके साथ ही धृपद की गायकी पिछड़ने लगी।

धमार, चौताल, सुरफाक या सुरफाक्ता, तेवड़ा और झंपा आदि धृपदगीत के मुख्य ताल हैं।

## धमार

धमार को होरी या होली भी कहा जाता है। फागुन महीने में होने वाले होलिकोत्सव का इस गीत में वर्णन रहता है। यह गीत 'धमार' नाम के ताल में गाया जाता है, इसलिये इस गीत के प्रकार को 'धमार' नाम दिया गया। धमार की गायकी भी धृपद की ही तरह होती है, पर उसमें बोल अंग का विशेष महत्त्व है। धृपद की तरह यह गीत का प्रकार भी गम्भीर और जोरदार है। गमकयुक्त बोलतान इस गीत प्रकार के विशेष महत्त्व का भाग है। धमार में भी तान लेने की मुमानियत है।

आधुनिक ख्याल-गायक होरी-गीत को दीपचंदी या तीन ताल में गाने लगे हैं। ऐसे गीतों को कच्ची होरी और धमार ताल में धृपद अंग से गायी गयी होरी को 'धमार' अथवा पक्की होरी नाम दिया जाता है।

## टप्पा

गुलाम नबी शोरी (शोरी मियां) नामक गायक ने इस गीत के प्रकार को प्रचार में लाया। वे पंजाब में जा बसे थे और पंजाबी भाषा को इस गीत के प्रकार के लिए अधिक उपयुक्त देखकर इसी भाषा में उन्होंने

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



टप्पा गीतों की रचना की। टप्पा गीत में शब्द थोड़े होते हैं, पर प्रत्येक शब्द के बीच-बीच में छोटे-छोटे तानों की लड़ी होती है। जब ये छोटे तान शुरु होते हैं तो श्रोता आश्चर्यचकित रह जाता है। टप्पा गायक का गला बहुत तैयार और हल्का होता है तथा गीत श्रृंगारिक होते हैं। गला तयार करने के लिए विद्यार्थियों को पहले टप्पा हीं सिखाने की प्रथा थी। क्षुद्र रागों में टप्पे अधिक दृष्टिगोचर होते हैं पर बडे रागों में भी रचे गये कुछ टप्पे दीख पडते हैं। टप्पा में एक विशेष प्रकार का ठेका लगाया जाता है पर वह भी तीन ताल का ही वजन बदला हुआ एक प्रकार है। ब्रज-भाषा, हिंदी और बंगला भाषा में रचे गये अनेक टप्पे भी प्रचलित हैं। लखनऊ और बनारस की ओर टप्पा का विशेष प्रचार है।

## ठुमरी

लखनऊ का अंतिम नवाब वाजदअलीशाह ने आज से सौ वर्ष पहले ठुमरी को प्रोत्साहन देकर इसे विशेष लोकप्रिय बनाया। यह नवाब स्वयं एक गायक था और 'अख्तरपिया' के उपनाम से इन्होंने अनेक ठुमरियों की रचना की। ठुमरी एक श्रृंगाररस-प्रधान एवं भावना प्रधान गीत का प्रकार है। इस गीत में शब्द थोडे होते हैं, पर उन शब्दों को विभिन्न आकर्षक रीति से गाकर उस में भाव उत्पन्न करना विशेष महत्वपूर्ण होता है। ठुमरी ज्यादातर खमाज, पीलू, तिलंग, देश, तिलककामोद, काफी, और भैरवी आदि क्षुद्र रागों में ही गायी जाती हैं और उस में राग के बंधन को नहीं माना जाता। इसमें अत्यंत मधुर और चित्ताकर्षक स्वर-समुदाय और मुर्कियों से शब्दों को नचाना विशेष महत्व की बात रहती है। ख्याल-गायकों को ठुमरी का गाना नहीं सधता। लखनऊ और बनारस ये दो शहर ठुमरी के लिए बडे प्रसिद्ध हैं। बंगाल प्रांत में तो ठुमरी विशेष लोकप्रिय है। आजकल तो ठुमरी का प्रचार सभी प्रांतों में हुआ है और पंजाब की तो विशेष गायकी का प्रभाव ठुमरी पर पडने के कारण 'पंजाब अंग' ठुमरी का एक प्रकार भी प्रचार में आ गया है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## भजन

पूर्वकाल में मीराबाई, कबीरदास और सूरदास आदि संतों द्वारा भक्ति पर रचित काव्य-गायन को विभिन्न रागों में गाये जाने कारण भजन भी एक गीत का प्रकार प्रचार में आया। भजन विभिन्न छन्दों में रचे हुए होने के कारण उन्हें विभिन्न तालों में गाया जाता है। कितने गायक भजन को रागदारी में गाते हैं तो कितने उसे आकर्षक धुन में बांध कर गाते हैं। यदि ठुमरी-गायक भजन गाता है तो उसे एक हल्के ( Light Music ) संगीत का रूप प्राप्त होता है। भजन की गायकी कैसी होनी चाहिए, इस बारे में कोई एक नियम तो नहीं कहा जा सकता; पर इतना जरूर कहा जा सकता है कि उसे ईश्वर भक्ति-संबंधी एक गीत होना चाहिये तथा 'हल्के' संगीत की धरती पर उसे अवलंबित रहना चाहिए। भजन एक 'शब्द-प्रधान' गीत है, इसलिए उसमें गायकी की अपेक्षा शब्दों का विशेष महत्त्व है।

## गजल

उर्दू अथवा फारसी भाषा का यह श्रृंगार रस प्रधान गीत है। इसमें शब्दों का विशेष महत्त्व रहता है, इसलिए यह एक शब्द-प्रधान गीत का प्रकार है। गजल गाने के लिए एकाध आकर्षक धुन ही पूरी होती है। अंतरे एक एक तरह गाये जाते हैं। इसमें लौकिक (इश्क हकीकी) या पारलौकिक (इश्क मजाजी) प्रेम का व्यवहार ही मुख्य विषय होता है। क्षुद्र रागों की चलती धुनों में ही गजल गाया जाता है और इसका ताल मुख्यतः दीपचंदी (चाचर) या पश्तो होता है।

## राग-वर्गीकरण

स्वर, सप्तक, शुद्ध, कोमल, तीव्र, आरोह, अवरोह, वादी-संवादी, ताल मात्रा और राग इन विषयों की जानकारी करा दी गयी है। इसके

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



आगे के विषय याने राग और उनका अभ्यास सुलभ हो,इसके लिए इनका विभाग याने वर्गीकरण किया जाता है। हमारे हिंदुस्तानी संगीत में आम तौर से १५० राग प्रचार में गाये जाते हैं। लेकिन यह नहीं, कि वे उनके नियमों के अनुसार व्यवहार में गाये जाते हों। एक राग का अच्छी तरह अभ्यास करने के लिए उनके स्वर, वर्ज्यावर्ज्य,आरोह-अवरोह और वादी-संवादी आदि बहुत-सी बातें अच्छी तरह समझाकर रियाज करानी पडती है। तो ऐसी दशा में १५० रागों के सब नियमों को ध्यान में रख कर अभ्यास करना कितना कठिन है, यह ध्यान में आ सकता है।

ये सब राग किसी एक ही समय में तैयार नहीं हुए हैं। हर एक सदी में अलग-अलग राग, भिन्न-भिन्न गायकों ने बनाये हैं। लेकिन रागों की खास कसौटी याने 'मनोरंजकता' जिन रागों में थी,वे ही लोकप्रिय होकर प्रचारित हुए। ऐसे सभी रागों को एकत्र कर उनका बारीकी से अभ्यास करना और उनके नियम कायम करना, शास्त्रकारों का काम है।

इस तरह अभ्यास कर उन लोगों ने रागों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है। एक तो भिन्न भिन्न रागों में आने वाली स्वर सख्या के मुताबिक और दूसरे राग में आने वाले शुद्ध, कोमल,तीव्र स्वरों के मुताबिक। इस दूसरे विभाग याने वर्गीकरण को शास्त्रीय परिभाषा में 'मेल' या ठाट' कहते हैं। ये 'मेल या ठाट' यदि अच्छी तरह समझ में आ जाय,तो राग का स्वरूप और उसके स्वर को ध्यान में रखना बहुत सुलभ होता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## स्वर-संख्या के आधार पर राग का वर्गीकरण

### ओड़व, षाड़व और संपूर्ण

पांच स्वर वाले राग को 'ओड़व' कहते हैं;
जैसे—दुर्गा, भूप आदि।
छः स्वर वाले राग को 'षाड़व' कहते हैं;
जैसे—पूरिया, मारवा आदि।
सात स्वर वाले राग को 'संपूर्ण' कहते हैं,
जैसे—यमन, भैरव आदि।

लेकिन प्रचार में ऐसे कितने ही राग हैं जिन के आरोह में कोई एक स्वर संख्या होती है तो अवरोह में दूसरी स्वर संख्या। उदाहरणार्थ-राग भीमपलासी के आरोह में रे और ध ये दो स्वर वर्जित हैं यानी आरोह में स्वर संख्या पांच ही होती है, लेकिन अवरोह में सातों स्वर लगते हैं। इनका नाम ओड़व-संपूर्ण है। इस तरीके पर रागों के कुल नौ प्रकार होते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| १. ओड़व-ओड़व | ४. षाड़व-ओड़व | ७. संपूर्ण-ओड़व |
| २. ओड़व-षाड़व | ५. षाड़व-षाड़व | ८. संपूर्ण-षाड़व |
| ३. ओड़व-संपूर्ण | ६. षाड़व-संपूर्ण | ९. संपूर्ण-संपूर्ण |

### मेल या ठाट

'मेल या ठाट' का अर्थ है-स्वरों की कोमल तीव्रता को लेकर की हुई एक निश्चित स्वर रचना। इसी स्वर-रचना में वादी-संवादी स्वर, रागों में रही हुई स्वर संख्या, स्वरों की प्रधानता या दुर्बलता आदि में अलग-अलग प्रकार के परिवर्तन करने पर कई प्रकार के राग निर्मित होते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



उदाहरणार्थं, हम एक एसा स्वर–समुदाय लें जिसके पूरे सप्तक में सारे स्वर शुद्ध हैं। यह एक निश्चित प्रकार की स्वर-रचना हुई। इस प्रकार की स्वर-रचना को बिलावल ठाट कहते हैं। अब यदि इस मेल या ठाट के साथ शुद्ध स्वरों में से सिर्फ सा, रे, म, प, ध, इतने ही पांच स्वर लेकर 'म' को वादी स्वर बनाया जाय तो वह दुर्गा राग होता है। इसी तरह सिर्फ 'म' को वर्ज्य कर गंधार और निषाद को वादी-संवादी माना जाय तो शंकरा राग बन जांता है।

## प्रचलित दस मेल या ठाट

इस तरह के प्रचलित मेल या ठाट दस हैं, जिनके नाम नीचे दिए जाते हैं:—

१. बिलावल मेल––सा, रे, ग, म, प, ध, नी
सभी स्वर शुद्ध।

२. कल्याण मेल––सा, रे, ग, मं, प, ध, नी
मध्यम तीव्र, बाकी सभी स्वर शुद्ध।

३. खमाज मेल––सा, रे, ग, म, प, ध, नी
निषाद कोमल, बाकी सभी स्वर शुद्ध।

४. भैरव मेल––सा, रे, ग, म, प, ध, नी
ऋषभ और धैवत कोमल बाकी सभी स्वर शुद्ध।

५. पूर्वी मेल––सा, रे, ग, मं, प, ध, नी
ऋषभ और धैवत कोमल, मध्यम तीव्र, बाकी सभी स्वर शुद्ध।

६. मारवा मेल––सा, रे, ग, मं, प, ध, नी
ऋषभ कोमल, मध्यम तीव्र, बाकी सभी स्वर शुद्ध।

७. काफी मेल––सा, रे, ग, म, प, ध, नी,

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



गंधार और निषाद कोमल, बाकी सभी स्वर शुद्ध ।

८. आसावरी मेल--सा, रे, ग, म. प, ध, नी

गंधार, धैवत और निषाद कोमल, बाकी सभी स्वर शुद्ध ।

९. भैरवी मेल--सा, रे, ग, म, प, ध, नी

ऋषभ, गंधार, धैवत और निषाद कोमल, मध्यम शुद्ध ।

१०. तोडी मेल -सा, रे, ग, मं, प, ध, नी

ऋषभ, गंधार और धैवत कोमल, मध्यम तीव्र, निषाद शुद्ध ।

## मेल या ठाट-संबंधी नियम

१. सप्तक के बारह स्वरों में से ही मेल या ठाट का निर्माण होता है ।

२. मेल या ठाट का संपूर्ण होना जरूरी है, यानी उसमें सातों स्वर होने चाहिए और क्रम से होने चाहिए ।

३. मेल या ठाट के लिए आरोह-अवरोह या रंजकता-संबंधी कोई बंधन नहीं है ।

४. मेल या ठाट को उसमें रही हुई स्वरमाला से निर्माण होने वाले और उपर्युक्त नियम अधिक-से अधिक मात्रा में पाये जाते हैं, ऐसे किसी एक प्रख्यात राग का नाम दिया जाता है ।

मेल या ठाट को राग नहीं कहा जा सकता, यह बात अच्छी तरह ध्यान में रखनी चाहिए; इसलिए नीचे बताये हुए राग संबंधी नियम मेल या ठाट के नियमों से अच्छी तरह मिला कर देख लिये जायं ।

## राग— सम्बन्धी नियम

१. राग मेलों या ठाटों से निर्मित होता है ।

२. राग में कम से कम पांच स्वर होने चाहिए ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



३. राग में आरोह-अवरोह और रंजकता होनी चाहिए।
४. 'म' और 'प' इनमें से एक-न-एक स्वर राग में होना जरूरी है।
५. एक ही स्वर के दो प्रकार यानी 'कोमल' तथा शुद्ध या शुद्ध तथा तीव्र एक दूसरे के बाद राग में नहीं आते।

## आश्रय राग या जनक राग

जिस प्रसिद्ध राग का नाम किसी मेल या ठाट को दिया जाता है, उसे आश्रय राग या जनक मेळ कहते हैं और उस मेल या ठाट से निर्माण होने वाले अन्य रागों को जन्यराग कहते हैं।

## पूर्व राग और उत्तर राग

रागों के वर्गीकरण का एक तीसरा प्रकार भी प्रचलित है। हमारे हिंदुस्तानी संगीत में हर एक राग निश्चित समय पर ही गाने का प्रचलन है। दोपहर के बारह बजे से लेकर रात के बारह बजे तक जो राग गाये जाते हैं, उन्हें 'पूर्व–राग' या 'पूर्वांग-वादी राग' कहते हैं। इसी तरह रात के बारह बजे से लेकर दिन के दोपहर तक गाये जाने वाले 'उत्तर राग या उत्तरांग–वादी राग' कहलाते हैं।

हमारे स्वर–सप्तक का पूर्वार्ध या पूर्वांग 'सा' से 'प' तक और उत्तरार्ध या उत्तरांग 'म' से 'सां' तक है। पूर्वांग–वादी राग का 'वादी स्वर' सप्तक के पूर्वार्ध में, यानी 'सा' से 'प' तक कोई-न-कोई स्वर होता है और उत्तरांग-वादी रागों के 'वादी स्वर' में, 'म' से लेकर 'सा' तक। मध्यम और पंचम में दोनों स्वर दोनों विभागों में रहते हैं। इसलिए वे 'पूर्वराग' और 'उत्तरराग' दोनों में वादी स्वर हो सकते हैं।

## श्रुति

संस्कृत में "श्रु" शब्द का अर्थ होता है सुनना और इसी से श्रुति शब्द बना है। श्रूयते इति श्रुतिः। जो संगीतोपयोगी नाद कानों से स्पष्ट

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



सुना और पहिचाना जा सकता है उसे श्रुति कहते हैं; या दो अत्यन्त निकट के स्वरों के बीच का अति सूक्ष्म अंतर जो कानोंसे स्पष्ट सुना और पहचाना जा सकता हो। हमारे सप्तक का बहुत प्राचीन काल से ही इस तरह के २२ सूक्ष्म विभाग यानी श्रुतियों में विभाजन किया गया है।

## ग्रह, अंश, न्यास

पुराने संस्कृत ग्रन्थों में राग-वर्णन में ग्रह, अंश, न्यास स्वरों का वर्णन किया गया है। पर इन स्वरों का महत्त्व आज चले जानेके कारण उनका स्थान वादी संवादी आदि स्वरों ने ले लिया। जिस स्वर से गीत शुरू होता है, उसे 'ग्रह' स्वर कहते हैं। जो स्वर राग में महत्त्व का होता हैं उसे 'अंश' स्वर कहते हैं। आजकल इस 'अंश' स्वर के लिए 'वादी' यह संज्ञा है। जिस स्वर पर गीत समाप्त होता है उस स्वर को न्यास स्वर कहते है।

## वक्र स्वर

सौन्दर्य और वैचित्र्य उत्पन्न करने के लिए कुछ रागों के आरोह और अवरोह में एकाध वक्र स्वरों की योजना बनी रहती है।

आरोह और अवरोह करते हुए कोई एक स्वर पर जाकर उसके पिछले स्वर पर लौट आना और वह स्वर जहां तक गये थे वह छोड़कर उसके आगे का स्वर लेना जिस स्वर पर जाकर फिर पिछले स्वर पर लौट आया जाता है उस स्वर को वक्र स्वर कहते हैं।

उदाहरणार्थ :-

आरोह:-प ध नी ध सां इस स्वर पंक्ति में आप 'नी' तक जाकर पुनः 'ध' पर लोट आये फिर 'नी' छोडकर तार षड्ज पर चल गये। इसमें 'नी' वक्र स्वर हुआ।

अवरोह:-गायन में यह क्रिया अवरोह में भी की जाती है। प म ग म रे सा। आप ग तक आये फिर 'म' तक पीछे गये, फिर ग छोड़कर रे पर आये। इसमें 'ग' वक्र स्वर हुआ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## संकीर्ण राग

दो से अधिक रागों के स्वरूप के मिश्रण अथवा संकर-करण से बने हुए राग को संकीर्ण राग कहते हैं। जैसे मिश्रखमाज और भैरव बहार आदि।

## स्पर्शस्वर अथवा कणस्वर

स्वर में सौन्दर्य और मिठास लाने के लिए नीचे या ऊपर के स्वर के स्पर्श से मुख्य स्वर लगाया जाता है। जिस स्वर को इसके लिए स्पर्श करते हैं उसे स्पर्शस्वर अथवा कणस्वर कहते हैं।

नी

उदाहरणार्थ :– सा में मंद्र नी का स्पर्श लेकर मध्य 'सा' लिया

रे

गया है। सा इसमें 'रे' स्वर का स्पर्श लेकर 'सा' लिया गया है। यहां पहले में मंद्र, 'नी' व दूसरे में 'रे' यह स्पर्शस्वर या कणस्वर है।

## मींड

एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाने में स्वरों के बीच में भंग न उत्पन्न होने देना मींड है। इन दोनों स्वरों के बीच में आने वाले स्वरों का अस्तित्व मींड में दिखाई पड़ना चाहिए, मगर अलग दिखाना उपयोगी नहीं।

प ग इसमें आवाज प से शुरू कर 'ग' तक लाया गया है। मींड की लपेट में 'म' भी लग जाता है, पर यहां म का अलग अस्तित्व नहीं सुनने में आना चाहिए। यह क्रिया किसी एक स्वर पर से घसीटते हुए किसी दूसरे स्वर पर जाने जैसी है, और इसे मींड कहते हैं।

## थाह अथवा ठाय

मध्य लय में ताली देकर उसके साथ जो एक दो, तीन ऐसे आंकडे गिनते हैं, यहया हम ठाय लय में करते हैं। साथ की लय में गाना बजाना अथवा ताली देने को 'ठाय' लय कहा जाता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# ताल के ठेके

## एकताल (विलंबित)

मात्रा १२, ताली १–५–९–११, खाली ३–७ मात्रा पर

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धीं | धीं | धागि | तिरकिट | तू | ना | क | त्ता | धागि | तिरकिट | धीं | ना |
| × | | ० | | २ | | ० | | ३ | | ४ | |

## चौताल

मात्रा १२ ताली १–५–९–११, खाली ३–७ मात्रा पर

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | धा | धीं | ता | किट | धा | धीं | ता | किट | तक | गदि | गन |
| × | | ० | | २ | | ० | | ३ | | ४ | |

## रूपक ताल

मात्रा ७, ताली ४–६–पर, खाली और सम १ मात्रा पर

### ठेका नं. १

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | ती | ना | धि | ना | धि | ना |
| ० | | | २ | | ३ | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## ठेका नं. २

| १ | २ | ३ | | ४ | ५ | | ६ | ७ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | धा | त्रक | \| | धीं | धीं | \| | धा | त्रक | \| |
| ० | | | \| | २ | | \| | ३ | | \| |

## तेवरा ताल

मात्रा ७, ताली १–४–६ इसमें खाली नहीं आती

| १ | २ | ३ | | ४ | ५ | | ६ | ७ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | धीं | ता | \| | किट | कत | \| | गदि | गन | \| |
| × | | | \| | २ | | \| | ३ | | \| |

## कहरवा ताल, मध्यलय

मात्रा ८, ताली १–३–७, खाली ५ पर

| १ | २ | | ३ | ४ | | ५ | ६ | | ७ | ८ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | धी | \| | ना | ती | \| | ना | ना | \| | धी | ना |
| × | | \| | २ | | \| | ० | | \| | ३ | |

## कहरवा ताल–द्रुतलय

मात्रा ४, ताली १ पर और खाली ३ पर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| धागि | नती | \| | नक | धिन | \| |
| × | | \| | ० | | \| |

## दुगुन

एक मात्रा में दो मात्राओं को गाने से जो लयकारी बनती है, उसे दुगुन कहते हैं, जिसमें ठाय से गति दुगुनी होती है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## दुगुन करने की रीति

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ठाय लय (बराबर की लय) | | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
| दुगुन लय | — | १ २ | ३ ४ | ५ ६ | ७ ८ | ९ १० | ११ १२ |

## चौगुन

एक मात्र में चार मात्राओं को गाने से जो लयकारी बनती है, उसे चौगुन कहते हैं जिसमें ठाय से गति चौगुनी होती है।

## चौगुन करने की रीति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ठाय लय ( बराबर की लय ) :- | १ | २ | ३ | ४ |
| चौगुन लय :— | १,२,३,४, | ५,६,७,८ | ९,१०,११,१२ | १३,१४,१५,१६ |

दुगुन और चौगुन लय में तबले के ठेके लिखने की रीति

### ताल रूपक

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| ठाय लय :— | ती | ती | ना \| | धि | ना \| | धि | ना \| |
| | | | | २ | | ३ | |

दुगुन लय :— तीती नाधि नाधि | ना,ती तीना | धिना धिना |
(ताली: ० — २ — ३)

चौगुन लय:—तीतीनाधि नाधिना,ती तीनाधिना | धिना,तीती नाधिनाधि
(ताली: ० — २)

ना,तीतीना. धिनाधिना |
(ताली: ३)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



[ शिक्षकों को सूचना :—शिक्षकों को उपर्युक्त सब ठेके की दुगुन चौगुन विद्यार्थियों के सामने करके दिखलाना चाहिये और कागज पर उसे कैसे लिखना चाहिये, यह भी बताना चाहिये । ]

## पं. विष्णु दिगम्बरजी की संक्षिप्त जीवनी

जिन महापुरुषों के कारण भारतीय संगीत को आज उज्ज्वल स्थान प्राप्त है उनमें स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगम्बर जी का नाम एवं कार्य बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । पं. विष्णु दिगम्बरजी का जन्म १८७२ ई. में कुरुंदवाड नामक एक रियासत में हुआ । आपके पिता एक उत्तम कीर्तनकार थे । इसलिये कुरुंदवाड के राजासाहब आपके पिता को बहुत मानते थे । इस प्रकार आपका लालन-पालन राजपरिवार में ही राजपुत्रों के साथ-साथ हुआ । जब आप अंगरेजी की दूसरी कक्षा में ही थे कि एक दुर्घटना के कारण आपकी आँखों की रोशनी चली गयी । बाद में, डाक्टरों के परामर्श से आपकी स्कूली शिक्षा बन्द कर दी गयी और ऐसी कोई विद्या सीखने की सलाह दी गयी जिसमें आँखों का कोई ज्यादा उपयोग नहीं हो । आपकी आवाज मीठी थी और आपमें संगीत के लिए नाद भी था । इसलिए आपको शिक्षण प्राप्त करने के लिए मिरज में रहने वाले पं. बालकृष्णबुवा इचलकरंजीकर नामक महान संगीतज्ञ के पास भेजा गया । वहा उन्होंने नऊ वर्षो तक शिक्षण प्राप्त किया । दिन में आठ-दस घंटे मिहनत कर उसमें प्रवीणता प्राप्त की । १८९६ ई, में उन्होंने अपने दो साथियों के साथ मिरज छोडा और महाराष्ट्र, बंबई, गुजरात, काठियावाड, ग्वालियर, मथुरा और दिल्ली आदि स्थानों में भ्रमण करते हुए आप पंजाब गये । इस समय तक एक उच्च कलाकार के रूप में आपकी ख्याति सर्वत्र फैल चुकी थी और विभिन्न रियासतों से अच्छे वेतनों पर आपकी बुलाहट होने लगी थी । पर, विष्णु दिगम्बरजी को पैसे कमाकर अधिक धनी बनने की अपेक्षा संगीत के भविष्य की कहीं अधिक चिन्ता थी । अपनी यात्रा के

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



दौरान में उन्होंने यह पाया कि संगीतज्ञों के लिए जनता में आदर भाव नहीं है। कलाकार का अर्थ था एक ऐसा व्यसनी व्यक्ति जिसका सभ्य संसार में कोई स्थान नहीं था। इन सब बातों का लाहौर में शान्तिपूर्वक विचार कर उन्होंने भविष्य के कार्यों के लिए दिशा निश्चित की। उनकी दृष्टि में जो बातें आयीं वे ये थीं :—

१. कलाकारों में दुर्व्यसन बहुत फैला हुआ है।

२. खुले दिल से कोई संगीत विद्या सिखाता नहीं है।

३. जनता में संगीत और संगीतज्ञ के लिए कोई आदर नहीं है।

यदि उन बातों में सुधार करना अभीष्ट है तो जनता में संगीत के लिए मधुर प्रेम उत्पन्न करने के लिए कुछ संगीत सिखाने वाले विद्यालय खोलना चाहियें, चरित्रशील और कलाकार शिक्षकों का निर्माण करना ही चाहिये तथा लेखन पद्धति बनाकार उसमें पुस्तक भी लिखनी ही चाहियें आदि बातें उनकी समझ में आयीं। एक ऊँचे वेतन वाली नौकरी से इन-कार कर अपनी उम्र संगीतोद्धार में व्यतीत करना निश्चित कर उन्होंने तारीख ५ मई १९०१ ई. में लाहौर में 'गांधर्व महाविद्यालय' नामक संस्था की स्थापना की। एक लेखन पद्धति (Notation System) भी आरम्भ की और उसमें छोटी-बडी पचास उपयुक्त पुस्तकों की रचना की और उन्हें प्रकाशित किया। लगभग दो सौ विद्यार्थियों को अपने खर्चे से सिखाकर तैयार किया। इन सभी शिष्यों को वे 'संगीत मिशनरी' (प्रचारक) कहा करते थे। उनमें से उनके कितने ही शिष्यों ने सम्पूर्ण देश में संगीत विद्या-लय स्थापित कर पंडितजी का काम आगे चालू रखा है।

शिष्यों को साथ लेकर उन्होंने भारत के अनेक प्रदेशों में समय-समय पर दौरा किया और संगीत विद्या का प्रचार कर उन्होंने जनता के हृदय में संगीत एवं संगीतज्ञ के लिए एक महान स्थान निर्माण करा दिया। उनके दस-बारह शिष्य तो अब भी ऐसे हैं जो श्रेष्ठ कलाकार हैं और संपूर्ण देश में

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



उनका नाम गूंजता है। भारत के भ्रमण के अतिरिक्त नेपाल, वर्मा और सिलोन आदि देशों का भी उन्होंने भ्रमण किया और भारतीय संगीत के प्रति प्रेम भाव वहाँ उत्पन्न किया। आपके सुपुत्र पं. दत्तात्रय विष्णु पलुस्कर भी छोटी उम्र से ही एक उच्च कलाकार के रूप में संपूर्ण देश में विख्यात हो गये थे। आपके शिष्यों के द्वारा स्थापित गान्धर्व महाविद्यालय मंडल नामक संस्था आपके कार्य को आगे चला रही है और साथ-साथ 'संगीत कला विहार' नामक एक उपयोगी मासिक पत्र भी निकाल रही है। १९२० ई. के बाद विष्णु दिगम्बरजी विरक्त हो गये और रामायण का प्रवचन एवं कीर्तन कर वे संगीत का प्रचार करने लगे। ता. २१ अगस्त, १९३१ ई. को मिरज में आपका देहावसान हो गया।

---

## स्वर बोध (अलंकार)

(१) सासारेरे, रेरेगग, गगमम, ममपप, पपधध, धधनीनी, नीनीसांसां,
सांसांनीनी, नीनीधध, धधपप, पपमम, ममगग, गगरेरे, रेरेसासा.

(२) सारेगग, रेगमम, गमपप, मपधध, पधनीनी, धनीसांसां,
सांनीधध, नीधपप, धपमम, पमगग, मगरेरे, गरेसासा.

(३) सासागग, रेरेमम, गगपप, ममधध, पपनीनी, धधसांसां,
सांसांधध, नीनीपप, धधमम, पपगग, ममरेरे, गगसासा.

(४) सासामम, रेरेपप, गगधध, ममनीनी, पपसांसां,
सांसांपप, नीनीमम, धधगग, पपरेरे, ममसासा.

(५) सारेगमप, रेगमपध, गमपधनी, मपधनीसां,
सांनीधपम, नीधपमग, धपमगरे, पमगरेसा.

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



(६) सारेगरेसा, रेगमगरे, गमपमग, मपधपम, पधनीधप, धनीसांनीध,| धनीसांनीध, पधनीधप, मपधपम, गमपमग, रेगमगरे, सारेगरेसा.

(७) सागगरेसा, रेममगरे, गपपमग, मधधपम, पनीनीधप, धसांसांनीध, | धसांसांनीध, पनीनीधप, मधधपम, गपपमग, रेममगरे, सागगरेसा.

(८) सारेसागरेसा, रेगरेमगरे, गमगपमग, मपमधपम, पधपनीधप, धनीधसांनीध, | धनीधसांनीध, पधपनीधप, मपमधपम, गमगपमग, रेगरेमगरे, सारेसागरेसा.

(९) सागरेगमरेसा, रेमगमपमगरे, गपमपधपमग, मधपधनीधपम, पनीधनीसांनीधप, | पधनीसांनीधनीप, मपधनीधपधम, गमपधपमपग, रेगमपमगमरे, सारेगमगरेगसा.

(१०) सागरेममगरेसा, रेमगपपमगरे, गपमधधपमग, मधपनीनीधपम, पनीधसांसांनीधप, | पधनीसांसांधनीप, मपधनीनीपधम, गमपधधमपग, रेगमपपगमरे, सारेगममरेगसा.

---

# 'कोमल' और 'तीव्र' स्वरों का अभ्यास

**शिक्षकों को सूचना** :—विद्यार्थियों को कोमल और तीव्र स्वरों का अच्छी तरह परिचय देने के लिये, पहले भाग के सब अलंकार 'यमन' और 'भैरवी' इन दो रागों में याद कर लेना चाहिये । अलंकार का अभ्यास होने पर विद्यार्थियों से भिन्न-भिन्न स्वर गवाना चाहिये और स्वयं गाकर स्वर की पहचान विद्यार्थियों से करवानी चाहिये ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



## राग—यमन

(१) सा रे ग मं प ध नी सां | सां नी ध प मं ग रे सा.

(२) सारेग, रेगम, गमंप, मंपध, पधनी, धनीसां.
सांनीध, नीधप, धपम, पमग, मंगरे, गरेसा.

(३) सारेगमं, रेगमंप, गमंपध, मंपधनी, पधनीसां,
सांनीधप, नीधपमं, धपमंग, पमंगरे, मंगरेसा.

(४) सागरेसा, रेमंगरे, गपमंग, मंधपमं, पनीधप, धसांनीध,
धनीसांध, पधनीप, मंपधमं, गमंपग, रेगमंरे, सारेगसा.

## राग—भैरवी

(१) सा रे ग म प ध नी सां | सां नी ध प म ग रे सा.

(२) सारेग, रेगम, गमप, मपध, पधनी, धनीसां.

सांनीध, नीधप, धपम, पमग, मगरे, गरेसा.

(३) सारेगम, रेगमप. गमपध, मपधनी, पधनीसां;

सांनीधप, नीधपम, धपमग, पमगरे, मगरेसा.

(४) सागरेसा, रेमगरे, गपमग, मधपम, पनीधप, धसांनीध,

धनीसांध, पधनीप, मपधम, गमपग, रेगमरे, सारेगसा.

---

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

# राग-यमन

यमन राग कल्याण ठाठ से निकलता है। इस राग में म तीव्र बाकी सब शुद्ध स्वर लगते हैं। कभी-कभी शुद्ध म का भी अल्प प्रयोग किया जाता है। इस राग में वादी स्वर 'गांधार' और संवादी 'निषाद' है। इस राग के गाने का समय रात का प्रथम प्रहर है। इसकी जाति संपूर्ण है।

आरोह :– सारेग. मंप, ध, नीसां |

अवरोह :– सांनीध, प, मंग रे सा |

पकड़

नीरेग, गमंप मंग, रे सा.

आलाप

(१) नीरेग, रेग, नीरे, धनीरे, सा.

(२) ग, रे, सा, नीध नीधप, धनीरेग, नीरे, सा.

(३) रे, मंग, प, मंधप गमंधप मंग. रेग, रे, सा.

(४) गमंधनी, मंधनी, धप, नीध, प, धप मंपमंग रेग, रे, सा.

(५) गमंधनी, सां, मंधनीरेंसां, धनी, रेंगं रें सां, नीधप, गमंधनी, धप, मंग, रेग, रे, सा.

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



गीत १ राग यमन ताल-तीनताल

## स्वरमालिका

### स्थायी

| | | | |
|---|---|---|---|
| नी ध - प | मं प ग मं | प - मं - | ग - रे - |
| ० | ३ | × | २ |
| सा ऩी सा ग | रे म ग रे | सा ग रे सा | - ऩी ध़ - |
| ० | ३ | × | २ |
| सा रे - रे | ग - प मं | ध प - मं | ग मं प ध |
| ० | ३ | × | २ |

### अन्तरा

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | नी नी ध ध | प मं ग रे |
| | | × | २ |
| ग प - ग | ग प - ध | सां - - रें | सां नी ध - |
| ० | ३ | × | २ |
| गं रें सां नी | ध - सां नी | नी ध प मं | ग रे सा - |
| ० | ३ | × | २ |
| ग ग ग प | प प ध नी | प - ध प | मं ग रे सा |
| ० | ३ | × | २ |
| सा सा रे रे | ग ग मं मं | प ध प मं | ग मं प ध |
| ० | ३ | × | २ |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



गीत २ — राग यमन — ताल–तीनताल

अरि, एरि आलि पिया बिन, सखि कल ना परत मोहे
घडि पल छिन दिन।
जब से पिया परदेस गवन किनो रतिया कटत मोहे
तारे गिन गिन ॥

### स्थायी

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग | मं | नी (ध) | ध | प | – | रे | – | सा | सा | | | | |
| | | अ | रि | ए | ऽ | रि | ऽ | आ | ऽ | ली | ऽ | | | | |
| | | | | ० | | | | ३ | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | रे | ग | ग | – | – | ग | प | ग | प | ग | प | मं | ध | प | प |
| पि | या | बि | न | ऽ | ऽ | स | खि | क | ल | ना | प | र | त | मो | हे |
| × | | | | २ | | | | ० | | | | ३ | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ध | प | मं | रे (ग) | रे | सा | सा | नि | – | (प) | – | – | रे | – | सा |
| घ | डि | प | ल | छि | न | दि | न | ए | ऽ | री | ऽ | ऽ | आ | ऽ | लि |
| × | | | | २ | | | | ० | | | | ३ | | | |

### अंतरा

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | प | सां | सां | सां | – | सां | सां |
| ज | ब | से | पि | या | ऽ | प | र |
| ० | | | | ३ | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सां - सां ध | नी रें सां सां | नी रें गं रें | सां नि प प |
